## खास-खबरें

### मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से बार्सिलोना जीता



**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा। मेस्सी ने खेल के 30वें मिनट में जोर्डी अल्बा के लिये गेंद बनायी जिससे बार्सिलोना 1-0 से बढ़त हासिल करने में सफल रहा। इसके बाद 83वें मिनट में 18 वर्षीय इलेक्स मोरिबा ने उनके खूबसूरत पास पर दूसरा गोल दागा। बार्सिलोना लीग में पिछले 16 मैचों से अजेय है और उसके 26 मैचों में 56 अंक हो गये हैं। वह एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक पीछे है जिसने अभी तक 24 मैच खेले हैं। रीयाल मैड्रिड 25 मैचों में 53 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एल्ची ने सेविला को 2-1 से, वल्लाडोलिड ने गेटाफे को 2-1 से और कैडिज ने इबार को 1-0 से हराया।

### बेयरस्टॉ का इंग्लैंड की टीम से बाहर होना तय : वान

**लंदन।** पूर्व कप्तान माइकल वान का मानना है



कि भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में लचर प्रदर्शन करने के कारण जॉनी बेयरस्टॉ के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम में बने रहना मुश्किल होगा। भारत ने अहमदाबाद में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में पारी के अंतर से जीत दर्ज करके श्रृंखला को 3-1 से अपने नाम किया। बेयरस्टॉ ने श्रृंखला में जो चार पारियां खेली उनमें से तीन में वह खाता नहीं खोल पाए जबकि चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 28 रन बनाए। वान का मानना है कि इस तरह के खराब प्रदर्शन के कारण बेयरस्टॉ के लिए इंग्लैंड की टीम में बने रहना मुश्किल होगा। वॉन ने 'एक्सप्रेस' के हवाले से कहा, जॉनी बेयरस्टॉ का इस टेस्ट टीम से जाना तय है। मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड में इन गर्मियों में और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में वह नंबर तीन पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे इस दौरे के बहुत अधिक सकारात्मक पहलू भी नजर नहीं आते। उन्होंने कहा, केवल जो रूट, जेम्स एंडरसन और बेन स्टोक्स ही कुछ अच्छा प्रदर्शन कर पाए। जैक लीच ने भी थोड़ा बेहतर खेल दिखाया। वान ने फिर से कहा कि इंग्लैंड को सीमित ओवरों के बजाय टेस्ट क्रिकेट पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, साल के इस हिस्से में सीमित ओवरों की क्रिकेट नहीं बल्कि ये चार मैच इंग्लैंड के लिए प्राथमिकता होने चाहिए थे। वान ने कहा, भारत ने जो तीनों टेस्ट मैच जीते उनमें कुछ बेहद करीबी क्षण भी आए लेकिन भारत ने तीनों मैचों में अक्सर एक घंटे के अंदर वापसी करके खेल पर नियंत्रण बनाया।

आईपीएल 2021 का पूरा कार्यक्रम जारी

# 9 अप्रैल को आगाज, 30 मई को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में फाइनल

नई दिल्ली(एजेंसी)।

**इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग( आईपीएल ) के शेड्यूल का ऐलान हो गया है। एएनआई के मुताबिक, आईपीएल 2021 की शुरुआत 9 अप्रैल से होगी, जिसमें मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मुकाबला होगा। यह मैच चेन्नई में खेला जाएगा जबकि फाइनल मुकाबला 30 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल संचालन परिषद ने जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार मैचों का आयोजन अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में किया जाएगा।**

बीसीसीआई की तरफ से आईपीएल के लिए मीडिया एडवाइजरी जारी कर दी है। इसके मुताबिक, लीग चरण में प्रत्येक टीम चार स्थलों पर खेलेगी। लीग चरण में कुल 56 मैच होंगे जिनमें से चेन्नई, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु 10-10 जबकि अहमदाबाद और दिल्ली आठ-आठ मैचों की मेजबानी करेंगे। इसमें कहा गया है कि इस आईपीएल की एक विशेषता यह होगी कि सभी मैच तटस्थ स्थलों पर खेले जाएंगे तथा कोई भी टीम अपने घरेलू मैदान पर नहीं खेलेगी। सभी टीमें लीग चरण में छह स्थानों में से चार में खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि वह दो साल के बाद देश में टूर्नामेंट का सफल आयोजन करने में सफल रहेगा। टूर्नामेंट के दौरान मैचों में




दर्शकों की मौजूदगी पर फैसला नहीं लिया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा कि पिछले साल यूएई में सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ टूर्नामेंट के सुरक्षित और सफल आयोजन के बाद बीसीसीआई स्वदेश में सभी खिलाड़ियों और टूर्नामेंट से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ आईपीएल के आयोजन के प्रति आश्वस्त है। टूर्नामेंट में 11 दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे। दिन के मैच दोपहर बाद तीन बजकर 30 मिनट से जबकि रात के मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। शाह ने कहा कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम इस प्रकार से तैयार किया गया है कि लीग चरण में प्रत्येक टीम को केवल तीन बार दौरा करने की जरूरत पड़ेगी। इससे आवागमन कम होगा और जोखिम कम होगा। आईपीएल का आयोजन खाली स्टेडियमों में होगा। भारत में बढ़ते कोरोना वायरस के केसों की वजह से आईपीएल 2020 का आयोजन यूएई में किया गया था। बीसीसीआई ने यूएई संग मिलकर सफलतापूर्वक इसका आयोजन करवाया था। इस सीजन में रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने रिकॉर्ड पांचवीं बार खिताब पर कब्जा जमाया था। टीम ने फाइनल मुकाबले में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स को मात दी थी।

### पहले मैच में मुंबई से भिड़ेगी विराट कोहली की टीम

दुनिया की सबसे अमीर टी20 लीग आईपीएल के 14वें सीजन का शेड्यूल रविवार को जारी हो गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल-2021 का पूरा शेड्यूल जारी किया जिसका पहला मुकाबला चेन्नै में खेला जाएगा। आईपीएल-2021 का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और रेकॉर्ड 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। यह मैच चेन्नै में शाम साढ़े 7 बजे से होगा। इस मुकाबले को लेकर विराट कोहली की टीम आरसीबी ने ट्वीट किया। आरसीबी ने लिखा, अपना कैलेंडर मार्क कर लीजिए, 12वीं मैन आर्मी। इसमें आगे लिखा गया है, आईपीएल का आगाज 9 अप्रैल से होगा और हम सीजन के पहले मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेंगे। आईपीएल फिर से भारत में ही खेला जाएगा, जिसका पिछला एडिशन संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। विराट कोहली की कप्तानी वाली इस आईपीएल टीम ने अभी तक खिताब नहीं जीता है जबकि रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम मुंबई मौजूदा चैंपियन है।

# कोहली ने सबसे सफल कप्तान स्मिथ को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली(एजेंसी)।



**विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया शानदार प्रदर्शन कर रही है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 25 रन से हराकर टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। यह बतौर कप्तान कोहली की टेस्ट में 36वीं जीत है। इसके साथ उन्होंने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।**

टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। फाइनल मुकाबला 18 से 22 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान में प्रस्तावित है। हालांकि वेन्यू में बदलाव हो सकता है.विराट कोहली ने अपनी कप्तानी में 60 में से 36 टेस्ट में जीत दर्ज की है। वे टेस्ट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में विंडीज के क्लाइव लॉयड के साथ संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर है। टेस्ट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 53 मैच जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ के नाम दर्ज है। लेकिन कोहली ने स्मिथ को भी पीछे छोड़ दिया है। टेस्ट में बतौर कप्तान रिकॉर्ड देखें तो दुनिया के सिर्फ 7 कप्तान 60 या उससे अधिक मैच में कप्तानी कर चुके हैं। इन सभी कप्तानों के पहले 60 मैच के रिकॉर्ड को देखें को विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के स्मिथ और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से भी आगे हैं। सभी 7 कप्तान के पहले 60 मैच के रिकॉर्ड को देखें तो ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग ने सबसे ज्यादा 39 मैच में जीत दर्ज की। 10 में हार मिली, जबकि 11 मुकाबले ड्रॉ रहे। विराट कोहली की कप्तानी में टीम ने 60 में से 36 मैच में जीत दर्ज की है। 14 में हार मिली है जबकि 10 मैच ड्रॉ रहे। ग्रीम स्मिथ को 28, महेंद्र सिंह धोनी को 27, क्लाइव लॉयड को 25, न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग को 20 और ऑस्ट्रेलिया के एलेन बॉर्डर को 16 मैच में जीत मिली थी। कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया अब तक आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। ऐसे में कोहली अब इस मुकाम को भी छूना चाहेंगे।

### अक्षर के डेब्यू के बाद जडेजा की वापसी होगी मुश्किल

अहमदाबाद( एजेंसी )। भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में युवा खिलाड़ियों ने टीम इंडिया को जीत के मुहाने पर पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी युवा खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाया था। वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल इस सीरीज के हीरो बनकर सामने आए हैं। ऐसे में फैंस के मन में यह सवाल है कि स्टार खिलाड़ी रविंद्र जडेजा की टीम इंडिया में वापसी की राह कितनी मुश्किल होने वाली है। बता दें कि टेस्ट सीरीज में अक्षर पटेल ने डेब्यू किया। महज तीन टेस्ट मैचों में अक्षर ने 27 विकेट चटकाते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

# विश्वकप फाइनल जैसा है वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचना :अश्विन

अहमदाबाद(एजेंसी)।



**चार मैचों की टेस्ट सीरीज़ में भारत को विजयी बनाने में अहम भूमिका अदा करने वाले स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचना उनके और उनकी टीम के लिए विश्व कप फाइनल में पहुंचने जैसा ही है।**

गौरतलब है कि इस सीरीज़ में सबसे ज्यादा 32 विकेट चटकाने वाले अश्विन को उनके अद्भुत प्रदर्शन के लिए मैन आफ द सीरीज का अवार्ड दिया गया। मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने सिर्फ 47 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में यह 30वीं बार था, जब उन्होंने एक पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट चटकाए हैं।अश्विन ने मैच के बाद कहा, हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचे और यह बहुत महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया को हराकर शिखर बनना, लेकिन इस संदर्भ में- विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में होना कोई मजाक नहीं है। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल विश्व कप फाइनल जितना ही है।अश्विन अपने करियर में आठवीं बार टेस्ट में मैन आफ द सीरीज बने हैं। उन्होंने कहा, सीरीज में हर किसी ने अपना योगदान दिया। पिछले चार महीने काफी उतार चढाव भरे रहे हैं। मुझे नहीं लगा था कि मैं चेन्नई में शतक बनाऊंगा, क्योंकि बल्ले से मेरा फॉर्म शानदार नहीं था। मैं ऑस्ट्रेलिया और यहां इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं।

स्टेडियम की छत पर गिरा मार्टिन गप्टिल का सिक्स

# न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीती सीरीज

वेलिंग्टन(एजेंसी)।

**न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज का यह आखिरी मुकाबला था। ऑस्ट्रेलिया 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज को बराबरी पर ले आई थी। लेकिन न्यूजीलैंड ने आखिरी मैच आसानी से जीतकर सीरीज पर 3-2 से कब्जा कर लिया।**

वेस्टपैक स्टेडियम, वेलिंग्टन में खेले गए इस मुकाबले में कीवी बोलर्स के बाद मार्टिन गप्टिल ने भी दम दिखाया और मेजबान टीम ने आसानी से मैच अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 143 रन का लक्ष्य था। मार्टिन गप्टिल खास तौर पर



काफी आक्रामक नजर आए। उन्होंने एडम जंपा की गेंदबाजी पर खास तौर पर हमला किया। उन्होंने पारी के नौवें ओवर में जंपा को निशाना बनाया और उनके ओवर में तीन छक्के और एक चौका जड़ा। इनमें से पहला छक्का काफी बड़ा था और यह सीधा स्टेडियम की छत पर जाकर गिरा। इस छक्के की लंबाई 91 मीटर थी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि न्यूजीलैंड की गेंदबाजी के सामने वह खुलकर नहीं खेल पाए। कीवी गेंदबाजों की सटीकता ने ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। मैथ्यू वेड और आरोन फिंच ने अच्छी शुरुआत की। दोनों ने क्रमश: 44 और 36 रन बनाए। हालांकि, दोनों अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ईश सोढ़ी न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। इस लेग स्पिन गेंदबाज ने तीन विकेट अपने नाम किए। ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। ऑस्ट्रेलिया ने अपने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल और डेवॉन कॉनवॉय ने अपनी टीम को एक मजबूत शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए न्यूजीलैंड ने 106 रन जोड़े। हालांकि रिले मेरेडिथ ने लगातार गेंदों पर कॉनवॉय और केन विलियमसन के विकेट लिए। गप्टिल ने तेज बल्लेबाजी की और 46 गेंद पर 71 रनों की पारी खेली।

# रेसलर विनेश ने रोम में जीता गोल्ड मेडल, फिर बनीं नंबर-1

रोम(एजेंसी)।

**भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए माटियो पैलिकोन रैंकिंग कुश्ती सीरीज में जीत दर्ज करके लगातार दूसरे सप्ताह दूसरा गोल्ड मेडल जीता।**

उन्होंने इस जीत के साथ अपने वजन वर्ग में फिर से नंबर-1 रैंकिंग हासिल की। वर्ल्ड चैंपियनशिप की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विनेश तोक्यो ओलिंपिक खेलों के लिए क्वॉलिफाइ करने वालीं एकमात्र भारतीय महिला पहलवान हैं। उन्होंने 53 किग्रा के फाइनल में



कनाडा की डायना मैरी हेलन वीकर को 4-0 से हराया।

26 साल की विनेश ने अपने सभी अंक पहले पीरियड में हासिल किए और दूसरे पीरियड में अपनी बढ़त बरकरार रखकर गोल्ड मेडल जीता। विनेश ने पिछले सप्ताह कीव में गोल्ड जीता था और इससे उन्हें यह विश्वास हो गया होगा कि ओलिंपिक के लिए उनकी तैयारियां सही चल रही हैं। इस भारतीय पहलवान ने प्रतियोगिता में विश्व की नंबर तीन पहलवान के रूप में प्रवेश किया और 14 अंक हासिल करके फिर से नंबर-1 बन गईं। कनाडा की पहलवान टूर्नामेंट से पहले 40वें नंबर पर थी लेकिन अब वह विनेश के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। विनेश ने टूर्नामेंट में एक भी अंक नहीं गंवाया। उन्होंने तीन में से अपने दो मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी को चित किया।सरिता मोर ने शनिवार को 57 किग्रा में सिल्वर मेडल जीता था।

### बल्लेबाजी में कमी के कारण हारा इंग्लैंडः पनेसर

**रायपुर( एजेंसी )।** इंग्लैंड को भारत ने 4 मैचों की टेस्ट सीरीज में शिकस्त झेलनी पड़ी जिसके बाद पूर्व लेफ्ट आर्म स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा कि मेहमान टीम के मौजूदा युवा बल्लेबाजों के पास स्पिन की मददगार पिच पर खेलने के कौशल की कमी है। उन्होंने



साथ ही कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज उस तरह नहीं खेल पाए, जिस तरह भारतीय खेले।भारत ने शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए चौथे मुकाबले के तीसरे दिन इंग्लैंड को पारी और 25 रनों से हराकर चार मैचों की सीरीज 3-1 से अपनी नाम की। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के लिए रायपुर आए पनेसर ने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को इस दौरे यह सीखना चाहिए कि टर्निंग विकेट पर किस तरह खेलते हैं। पनेसर ने कहा, 'इस सीरीज में इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज थोड़े घबराए हुए थे और उनके पास फिलहाल इस तरह को कौशल नहीं है जो भारतीय बल्लेबाजों के पास है।

### भारत ने ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला

**एंटवेर्प ( एजेंसी )।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्ट्राइकर सिमरनजीत सिंह के गोल की बदौलत यूरोप दौरे के तीसरे मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। ग्रेट ब्रिटेन की ओर से एलान फोरसिथ ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई लेकिन सिमरनजीत ने 57वें मिनट में गोल कर बराबरी हासिल की और मैच 1-1 से ड्रॉ करा दिया। ग्रेट ब्रिटेन को 10वें मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने गोल होने से रोक दिया। दोनों टमों ने पहले क्वार्टर में गोल करने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। ग्रेट ब्रिटेन ने दूसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल जारी रखा और पेनल्टी कार्नर हासिल किया। लेकिन श्रीजेश की जगह मैदान पर उतरे कृशन बी पाठक ने अपने



प्रयास से गोल होने से रोक दिया। भारत ने भी गोल करने के मौके बनाए लेकिन सफल नहीं हो सकी। हालांकि कुछ देर बाद ही एलान ने गोल कर ग्रेट ब्रिटेन को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने इसके बाद बराबरी करने की पूरी कोशिश की और सिमरनजीत ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

### भारतीय मुक्केबाजों को भारी पड़ा कोरोना, 3 गोल्ड मेडल्स का नुकसान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।**भारत के एक खिलाड़ी के कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाए जाने के कारण उसके तीन मुक्केबाजों को स्पेन के कैस्टेलियोन में चल रहे 35वें बोक्साम इंटरनेशनल टूर्नामेंट के फाइनल से हटना पड़ा। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके आशीष कुमार (75 किग्रा) का वायरस के लिये परीक्षण पॉजीटिव आया है और इस कारण उनके साथ एक कमरे में रह रहे मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और सुमित सांगवान (81 किग्रा) को भी रविवार की रात को होने वाले फाइनल मुकाबलों से हटना पड़ा। इन तीनों का स्वर्ण पदक पक्का माना जा रहा था लेकिन उन्हें इन विपरीत परिस्थितियों के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा ने कहा कि जिस प्रतियोगिता की शुरुआत शानदार रही उसका अंत निराशाजनक रहा।

# काम नहीं आई ब्रायन लारा की फिफ्टी, श्रीलंका लेजेंड्स ने वेस्टइंडीज़ लेजेंड्स को दी मात

कोलम्बो (एजेंसी)।

**विकेटकीपर बल्लेबाज उपुल थरंगा (नाबाद 53) की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका लेजेंड्स ने शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के छठे मुकाबले में वेस्टइंडीज लेजेंड्स को पांच विकेट से हरा दिया।**

वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान ब्रायन लारा की 49 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से सबसे ज्यादा नाबाद 53 रन की पारी बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बनाए, जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम ने थरंगा के 35 गेंदों पर आठ चौकों के सहारे नाबाद 53 रन के दम पर 19 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर मैच जीत लिया।

श्रीलंका की इस सीरीज में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। श्रीलंका की पारी में रसेल आर्नोल्ड पांच गेंदों पर एक चौके की मदद से पांच रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से सुलीमैन बैन ने दो विकेट, टिनो बेस्ट ने दो विकेट और रयान



ऑस्टिन ने एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रही और उसके सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान और सनथ जयसूर्या ने टीम को बेहतर शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। हालांकि। बेन ने जयसूर्या को पगबाधा आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। जयसूर्या ने 14 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 12 रन बनाए। इसके बाद दिलशान और थरंगा ने टीम की पारी को आगे बढ़ाया और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की।

### शोएब अख्तर ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को लताड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की



है। अख्तर ने खासकर इंग्लैंड के बल्लेबाजों को जमकर कोसा है जो टेस्ट सीरीज में रन बनाने में असफल रहे। भारत ने इंग्लैंड को 4 मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-1 से पराजित किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर गई है जहां उसका सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पारी और 25 रन से रौंदा। इस सीरीज में भारत की ओर से बोलिंग ऑलराउंडर अक्षर पटेल, आर अश्विन, वॉशिंगटन सुंदर और ऋषभ पंत ने अपने खेल से सबको प्रभावित किया। अख्तर का कहना है कि इंग्लैंड ने सिर्फ पिच पर फोकस किया और उसने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान नहीं दिया।

# एक वर्ष बाद मैदान पर उतरी भारतीय महिला टीम ने किया निराश, साउथ अफ्रीका से करारी हार

लखनऊ(एजेंसी)।

**पिछले 12 महीनों में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम को रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले वनडे में 59 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा।**

भारतीय टीम में मैच अभ्यास की कमी साफ तौर पर नजर आयी तथा कप्तान मिताली राज (85 गेंदों पर 50) और हरमनप्रीत कौर (41 गेंदों पर 40) की पारियों के बावजूद उसकी टीम 21 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 177 रन ही बना पायी। हाल में पाकिस्तान की मेजबानी करने वाली दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने केवल 40। 1 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। लिजली ली (122 गेंदों पर नाबाद 83) और लॉरा वोलवार्ट (110 गेंदों पर 80) ने पहले विकेट के लिए 169 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका की बड़ी जीत सुनिश्चित की। ली ने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का जबकि वोलवार्ट ने 12 चौके लगाए। इससे दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त भी हासिल कर ली है। बल्लेबाजों की तरह भारतीय गेंदबाज भी प्रभावहीन रहे। अनुभवी झूलन गोस्वामी (38 रन देकर दो) ने एक छोर से कुछ दबाव भी बनाया लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इससे पहले भारत ने स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (20 गेंदों पर 14 रन) सहित तीन विकेट 40 रन के अंदर गंवा दिए जिसके बाद मिताली और हरमनप्रीत ने चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। अपना 100वां वनडे खेल रही हरमनप्रीत ने आक्रामक रवैया अपनाया तथा कुछ अच्छे शॉट खेले। उनकी पारी हालांकि लंबी नहीं खिची। उन्होंने लॉग ऑफ पर कैच देने से पहले छह चौके लगाए। मिताली को क्रीज पर पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन उन्होंने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने बाद में दीप्ति शर्मा (46 गेंदों पर 26) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। मिताली के फुलटॉस पर आउट होने के बाद भारतीय पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गयी। भारत का स्कोर एक समय चार विकेट पर 154 रन था जो जल्द ही आठ विकेट पर 160 रन हो गया। भारतीय कप्तान की पारी में चार चौके और एक छक्का शामिल है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-100 मण्डल द्वारा श्री जनक सिंह मेहरा आत्मज श्री बाल किशन के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 02/12/2002 को पंजीकृत है। श्री जनक सिंह मेहरा आत्मज श्री बाल किशन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सरवर अली आत्मज श्री कैसर अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/01/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री सरवर अली आत्मज श्री कैसर अली के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

131813

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक -388/ए मण्डल द्वारा श्री हकीम उद्दीन आत्मज श्री मुख्तार हुसैन के नाम पर हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 27/04/2001 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 15/01/2021 को पंजीकृत है। श्री हकीम उद्दीन आत्मज श्री मुख्तार हुसैन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद हुसैन आत्मज श्री शब्बीर हुसैन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22/01/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद हुसैन आत्मज श्री शब्बीर हुसैन के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

131814

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र, भोपाल**